फा. सं. 1704813/1/2022- मात्स्यिकी (समन्वय) (ई-21449)
भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

चंद्रलोक बिल्डिंग, ग्राउंड फ्लोर,
36, जनपथ, नई दिल्ली-110001.
दिनांक 09 दिसंबर, 2024

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय: **मत्स्यपालन विभाग के संबंध में नवंबर, 2024 माह के लिए मंत्रालयों/विभागों की प्रमुख गतिविधियों संबंधी मासिक सारांश मंत्रिमंडल को प्रेषित करने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 19 अगस्त, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/26/1/2018-कैब का संदर्भ लेने तथा नवंबर, 2024 माह के दौरान मत्स्यपालन विभाग द्वारा की गई प्रमुख गतिविधियों संबंधी मासिक सारांश सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

संलग्न: यथोपरि

(डॉ. एंसी मैथ्यू एनपी)
सहायक आयुक्त (मात्स्यिकी)

प्रति
मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

**प्रतिलिपि**

1) मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन , नई दिल्ली-110001 (ध्यानार्थ: श्री पुनीत कंसल ,अपर सचिव)
2) प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव
3) राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन , नई दिल्ली
4) उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली
5) प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, शास्त्री भवन , नई दिल्ली
6) भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
7) सलाहकार, कृषि वर्टिकल, नीति आयोग , नीति भवन , नई दिल्ली

**प्रतिलिपि सूचनार्थ:**

1) माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2) माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री के निजी सचिव
3) सचिव,मत्स्यपालन विभाग के प्रधान निजी सचिव
4) अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार के प्रधान निजी सचिव
5) मत्स्यपालन विभाग के संयुक्त सचिव के प्रधान निजी सचिव
6) तकनीकी निदेशक, एनआईसी डीओएफ को विभाग की वेबसाइट पर संलग्न दस्तावेज अपलोड करने के अनुरोध के साथ ।

**मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में नवंबर, 2024 के माह के दौरान महत्वपूर्ण घटनाक्रम**

1. मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (एमओएफएएचएंडडी) ने 8 नवंबर 2024 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)-केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान/सेंट्रल मरीन फिशेरिज रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएमएफआरआई), कोच्चि, केरल में "एप्लिकेशन ऑफ ड्रोन टेक्नालजी इन फिशरिज एंड एक्वाकल्चर" पर एक कार्यशाला सह प्रदर्शन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री, श्री जॉर्ज कुरियन की उपस्थिति में हुआ था। पूरे देश में इस तरह के ड्रोन प्रदर्शनों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी। "फिश ट्रांसपोर्टेशन बाइ ड्रोन" पर एक पायलट(प्रायोगिक) अध्ययन भी आईसीएआर-सीआईएफआरआई, बैरकपुर, कोलकाता, पश्चिम बंगाल को सौंपा गया है।

2. मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने 14 नवंबर 2024 को स्वराज द्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में इन्वेस्टर्स मीट 2024: "अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के मात्स्यिकी और जलीय कृषि क्षेत्र में निवेश के अवसर" का आयोजन किया। इस अवसर पर मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय तथा पंचायती राज मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस संदर्भ में मत्स्यपालन विभाग ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में "टूना क्लस्टर" के विकास को अधिसूचित किया है। इससे टूना फिश लैंडिंग, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने में मदद मिलेगी, जो वैल्यू चैन ऑपरेशन को सुव्यवस्थित करने और इस क्षेत्र में भारत की वैश्विक निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए आवश्यक है।

3. मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने 21 नवंबर, 2024 को "इंडियाज ब्लू ट्रांसफॉर्मेशन: स्ट्रेंथिंग स्माल-स्केल एंड सस्टेनेबल फिशरीज़" थीम के साथ विश्व मात्स्यिकी दिवस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 5वीं समुद्री मात्स्यिकी जनगणना, नेशनल प्लान ऑफ एक्शन ऑन शर्क्स, और बे ऑफ बंगाल-रीजनल प्लान ऑफ एक्शन ऑन इलीगल, एनरिपोर्टेड एंड एनरेगुलेटेड (आईयूयू) फिशिंग जैसी कई प्रमुख पहलों का शुभारंभ शामिल था। शुरू की गई अन्य पहलों में मरीन प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ)-खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ग्लोलिटर पार्टनर्शिप प्रोजेक्ट और ऊर्जा-कुशल मत्स्यन प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के लिए रेट्रोफिटेड लिक्विफाइड़ पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) किट के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं का शुभारंभ शामिल था।

4. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 5 और 22 नवंबर, 2024 को पार्लियामेंट एनेक्सी, नई दिल्ली में कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति को विभाग के अधिदेश, योजनाओं/कार्यक्रमों और कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी।

***